तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

2 कुनकुरी कॉलेज में खेलकूद एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम




## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया पीएससी परीक्षा का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सीजी पीएससी द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का रविवार को निरीक्षण किया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में सारंगढ़ के शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय महाविद्यालय सारंगढ़, सीपीएम महाविद्यालय और पीएमश्री सेजेस स्कूल सारंगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था, जिसमें 1440 कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों में 1201 प्रथम पाली में अभ्यर्थी उपस्थित रहे एवं द्वितीय पाली में 1187 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों में सीजी पीएससी के द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन कर परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव के सरकार द्वारा विद्यार्थियों के हित में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में परीक्षा केंद्र बनाने से जिले और पड़ोसी जिले जिनके जिला मुख्यालय दूर है, उनके लिए समय की बचत और आवागमन में सुविधा हुई है। जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा ऐसे ही प्रतियोगी परीक्षा के लिए जिला खनिज न्यास मद से फ्री कोचिंग जिले के युवाओं को दी जा रही है।

### आज होगी झिंझारी में शारीरिक दक्षता परीक्षा

**सारंगढ़।** सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर द्वारा सेना में महिला सेना पुलिस पद के लिए भर्ती का आयोजन 23 फरवरी को पुलिस ग्राउन्ड झिंझारी कटनी मध्यप्रदेश में किया गया है, जिसमें सेना भर्ती कार्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ अंतर्गत आने वाले सभी 33 जिलों की ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई में सफल हुए महिला उम्मीदवार भी हिस्सा लेंगी। ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण महिला उम्मीदवार ही शारीरिक दक्षता और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लें सकेंगे। शारीरिक दक्षता, दस्तावेज सत्यापन में सफल महिला उम्मीदवारों की 24 फरवरी को सेना अस्पताल जबलपुर में चिकित्सा जांच की जाएगी। रैली में भाग लेने वाली योग्य महिला उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र उनके ई.मेल पर भेजा गया है। साथ ही प्रवेश पत्र वेबसाईट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है और ईमेल पर भेजा गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए प्रवेश पत्र एवं रैली अधिसूचना के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ साथ आधार कार्ड से लिंक मोबाईल भी लेकर आना अनिवार्य है।

### ट्रेन से गिरने से अज्ञात युवक की इलाज के दौरान मौत




**कोरबा।** जिला अस्पताल के पुलिस सहायता केंद्र को एक लावारिस अज्ञात मृतक के संबंध में मेमो प्राप्त हुआ है। मृतक पिछले कुछ दिनों से जिला अस्पताल में उपचाराधीन था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस अब मृतक के परिजनों और उसकी पहचान की तलाश में जुटी है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 फरवरी को सीतामणी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला था। घटना की सूचना मिलने पर उसे 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान घायल व्यक्ति की स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह बातचीत कर सके। साथ ही, उसके साथ कोई अटेंडर या परिजन भी मौजूद नहीं था, जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई है। जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को इस व्यक्ति के संबंध में कोई भी जानकारी हो, तो कृपया तत्काल जिला अस्पताल चौकी में सूचित करने का कष्ट करें ताकि मृतक का अंतिम संस्कार उसके परिजनों द्वारा किया जा सके।

## जिनको कुर्की करने का अधिकार उनको भी पूर्व सरपंचों ने दिखाया ठेंगा

# पूर्व सरपंचों ने 70 लाख कर दिए हजम वसूली भी नहीं कर पा रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिन जनप्रतिनिधियों को गांव की विकास का बागडोर लोगों ने थमाया था उन्होंने ग्रामीणों के भरोसा ही तोड़ दिया है। विकास कार्यों के लिए मिली 70 लाख उसे खुद हजम कर दिया। यह तो पूराने भ्रष्टाचार का छोटा स्मारक है, अभी तो लंबी लिस्ट बाकी है। इसमें केवल 60 पूर्व सरपंचों का ही नाम है जिन्होंने विकास के नाम पर मिली राशि डकार दिया। दिलचस्प बात यह भी है कि अब अधिकारी भी पूर्व सरपंचों से राशि वसूली के लिए भूल चुके हैं। कारण एक दो बार आरआरसी जारी करने के बाद भी किसी ने जमा करने की जहमत नहीं उठाई, तो अधिकारियों ने भी इस वसूली पर ध्यान देना बंद कर दिया। ऐसे हालात में 60 पूर्व सरपंचों से 70 लाख वसूली करना टेड़ी खीर साबित हो रहा है।

कहीं सामुदायिक भवन, कहीं आंगनबाड़ी केंद्र, तो कहीं शेड् समेत अन्य निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों को राशि दी गई थी। इसका उपयोग किसी ने किया तो किसी ने किया ही नहीं। इसमें जिले के करीब 67 ग्राम पंचायत ऐसे हैं जहां के सरपंचों ने इस राशि का उपयोग निजी काम के लिए कर दिया। बाद में जांच हुई तो पता चला दी गई राशि का उपयोग उस काम में हुआ ही नहीं है जिसके लिए जारी की गई थी। इसके बाद वसूली के लिए काफी कोशिश की गई, लेकिन सरपंची जाने के बाद कौन राशि जमा करता है। ऐसे में करीब 60 पूर्व सरपंचों से 69 लाख 65 हजार 724 रुपए वसूली करना बाकी है। पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग की ओर से संबंधित तहसीलों के तहसीलदारों को वसूली के लिए दर्जनों बार पत्र लिखी जा चुकी है, लेकिन उनके पास इतना समय कहां है जो पूर्व सरपंचों का ढूंढते फिरे। ऐसे में यह वसूली अब नामुमकिन ही लग रहा है।

**एक दो बार आरआरसी जारी होने के बाद अधिकारी भी भूले**

**यह केवल पूराने भ्रष्टाचार का हिसाब, अभी तो लबी है सूची**




**कहां कितनी वसूली बाकी (दिसंबर 2025 की स्थिति में)**

| ब्लॉक | संख्या | वसूली |
|---|---|---|
| रायगढ़ | 12 | 639167 |
| पुसौर | 22 | 2241814 |
| खरसिया | 03 | 154677 |
| घरघोड़ा | 04 | 2306492 |
| तमनार | 00 | 00 |
| लैलूंगा | 13 | 1238547 |
| धरमजयगढ़ | 06 | 385027 |

### सबसे ज्यादा पुसौर और घरघोड़ा में वसूली बाकी

सात ब्लॉकों की बात करें तो सबसे ज्यादा पुसौर ब्लॉक में 22 पूर्व सरपंचों से 22 लाख 41 हजार 814 रुपए वसूली बाकी है। इसी तरह घरघोड़ा ब्लॉक में भी 23 लाख 6 हजार 492 रुपए वसूली बाकी है। खास बात यह है कि पुसौर में 22 पूर्व सरपंचों से 22 लाख वसूली याने एक-एक पूर्व सरपंचों से मोटा मोटी एक-एक लाख बाकी है, लेकिन घरघोड़ा में तो केवल 4पूर्व सरपंचों से ही 23 लाख लेना बाकी है। रायगढ़ ब्लॉक में 6 लाख 39 हजार 167 रुपए बाकी है। इसी तरह खरसिया ब्लॉक में 1 लाख 54 हजार 677 और धरमजयगढ़ ब्लॉक में 2 लाख 85 हजार 27 रुपए वसूली बाकी है।

### 2020 के पहले का है वसूली

शासन को चपत लगाने वाले पूर्व सरपंचों का यह कारनामा 2020 से पहले का है। 2020 के बाद भी इसी तरह दर्जनों सरपंचों ने विकास के लिए राशि से भ्रष्टाचार का स्मारक बना चुके हैं। हालांकि पंचायत विभाग द्वारा इनकी सूची अभी तक तैयार नहीं की गई है। ऐसे में यदि इनकी सूची बनी तो वसूली का आंकड़ा करोड़ों में जा सकता है। पंचायत विभाग पूर्व सरपंचों से वसूली को लेकर विशेष गंभीर कभी रहता नहीं है। इसके कारण सरकारी दामाद बनकर घूमते रहते हैं। किसी तरह के कार्रवाई का डर भी उनको नहीं रहता है।



# झींगोल परिसर में मिला हाथी शावक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार रेंज के झींगोल परिसर अंतर्गत कक्ष क्रमांक 838 आरक्षित वन क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 2 बजे एक मादा शावक हाथी का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। झींगोल परिसर रक्षक से जानकारी मिलते ही उप वनमंडलाधिकारी घरघोड़ा आशुतोष मंडावा परिक्षेत्र अधिकारी तमनार विक्रांत कुमार और वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचे।

प्रारंभिक जांच में घटनास्थल के आसपास हाथियों के पैरों के ताजा निशानए मल-मूत्र के चिन्ह मिला था। इससे स्पष्ट है कि शावक के साथ हाथियों का झुंड यहां मौजूद था। जमीन पर बने खरोंच और घसीटने के निशानों से यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि अन्य हाथियों ने शावक को उठाने या हिलाने-डुलाने का प्रयास किया होगा। वन विभाग की सघन तलाशी के दौरान घटनास्थल पर किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या संदिग्ध वस्तु के प्रमाण नहीं मिले हैं। विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा मौके पर किए गए प्रारंभिक परीक्षण के आधार पर शावक की मृत्यु कमजोरी या प्राकृतिक कारणों से होना प्रतीत हो रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों और डॉक्टरों की उपस्थिति में शावक का पोस्टमार्टम कराया गया है। उप वनमंडलाधिकारी घरघोड़ा आशुतोष मंडावा का कहना है कि मौत के सटीक कारणों का खुलासा विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट और लैब जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल एहतियात के तौर पर क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और हाथियों के झुंड की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।


# किरोड़ीमल रेलवे स्टेशन में 7 किलो गांजे के साथ दो महिला गिरफ्तार

■ अब महिलाएं भी उतरी गांजे तस्करी के काले कारोबार में, उड़ीसा से खरीदकर लाया था गांजा, बिक्री के लिए तलाश रहे थे ग्राहक



**रायगढ़।** अब महिलाएं भी गांजा तस्करी के काले कारोबार में लिप्त हो गई हैं। इसका ताजा उदाहरण शनिवार की शाम किरोड़ीमल रेलवे स्टेशन के पास पकड़ी गई दो युवती है। कोतरारोड़ पुलिस ने किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे दो महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है।

किरोड़ीमल नगर रेलवे स्टेशन के पास दो महिलाएं और एक पुरुष दो बैग में गांजा रखे थे और बिक्री के लिए ग्राहक ढूंढ रहे थे। कोतरारोड पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस टीम ने तीनों संदेहियों को पकड़कर विधिवत एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए तलाशी ली। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सोनी चौहान 35, सुमन यादव 30 और वासुदेव साहू 25 बताए। आरोपियों ने बताया कि वे 19 फरवरी को ओड़िशा सा से लगभग 7 किलो गांजा खरीदकर लाए थे और बिक्री की तैयारी में थे। आरोपियों के कब्जे से 7.110 किलोग्राम गांजा, अनुमानित कीमत 70 हजार बरामद किया गया। कोतरारोड पुलिस ने धारा 20(ठ) 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी सोनी चौहान पिता स्व. रामलाल चौहान 35 सा तिलाईपाली थाना भूपदेवपुर, सुमन यादव पति स्व सुरेश यादव 30 निवासी सीतामणी कोरबा, वासुदेव साहू पिता हृदय लाल साहू 25 निवासी बुढहनपुर थाना नगरदा जिला सक्ती तीनों वर्तमान पता रोड़ भोजपुर गुहा मसीह का किराए के मकान में रह रहे थे।



### पुलिस ने किया अवैध कबाड़ से भरे ट्रक और माजदा वाहन जब्त

**रायगढ़।** बीते 21 फरवरी को थाना प्रभारी खरसिया ने ग्राम टेमटेमा स्थित पावर प्लांट गेट के बाहर अवैध कबाड़ लोड दो संदिग्ध वाहनों को जब्त किया था। मौके पर खड़े वाहन ट्रक क्रमांक ओआर 06 एच 7626 और माजदा वाहन क्रमांक सीजी 13 एजेड 0819 में भारी मात्रा में कबाड़ लोड था। मौके पर कोई चालक या अन्य कोई संबंधित व्यक्ति उपस्थित नहीं था। पुलिस ने दोनों वाहनों की तलाशी ली तो उसमें लदे कबाड़ के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए इन वाहनों और उनमें लदे कबाड़ के संबंध में वाहन स्वामी एवं संपत्ति के विरुद्ध थाना खरसिया पुलिस द्वारा धारा 106 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

# नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म पुलिस गिरफ्त में आरोपी सुपरवाइजर

**रायगढ़।** नशीली पदार्थ पिलाकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पूंजीपथरा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी पंकज गोपाल उर्फ पंकज यादव पिता स्व. गंझू राम गोपाल 32 निवासी सेंदरीबहार थाना पत्थलगांव जिला जशपुर नगर, पूंजीपथरा क्षेत्र स्थित सिंघल गेट ईंटा प्लांट बंजारी में सुपरवाइजर का काम करता था। पूंजीपथरा पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता 32 वर्षीय युवती द्वारा कांसाबेल थाना जिला जशपुर में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 20 फरवरी को बिना नंबर केस डायरी थाना पूंजीपथरा भेज दिया था। असल धारा 64(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत पूंजीपथरा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु किया। पीड़िता साल 2024-25 के दौरान वह पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में मजदूरी का कार्य करती थी, जहां उसकी पहचान आरोपी पंकज यादव से हुई, जो सिंघल गेट प्लांट बंजारी में सुपरवाइजर था और कभी-कभी उसके कमरे में आना-जाना करता था। 20 मार्च की शाम आरोपी एक परिचित महिला के साथ उसके कमरे में आया और चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे वह बेसुध हो गई। इसी स्थिति का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद अप्रैल 2025 को आरोपी पुनः उसके कमरे में आया और शारीरिक संबंध बनाने के लिए धमकी देकर दबाव बनाने लगा जिससे भयभीत होकर पीड़िता अपने गांव चली गई। पीड़िता ने आगे बताया कि करीब एक माह पूर्व आरोपी द्वारा उसके मोबाइल से उसका आपत्तिजनक वीडियो निकालकर उसे और उसके परिवारजनों के मोबाइल नंबरों पर भेजा जा रहा था। जिससे वह मानसिक रूप से अत्यंत परेशान थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूंजीपथरा पुलिस ने आरोपी की तलाश प्रारंभ की और 21 फरवरी को पूंजीपथरा क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी के मोबाइल की जांच करने पर पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो मिला। इसके आधार पर प्रकरण में धारा 66(डी) 67(ए) आईटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गईं। आरोपी का मोबाइल जब्त किया गया और उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



■ पूंजीपथरा पुलिस ने आरोपी प्लांटकर्मी पंकज यादव को घेराबंदी कर पकड़ा, मोबाइल से आपत्तिजनक वीडियो बरामद

# अवैध लकड़ी जब्त करने पहुंचे अधिकारी तो ग्रामीणों ने किया विरोध

**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ वन विभाग की टीम ने बोरो रेंज अंतर्गत ग्राम कुमा में एक ग्रामीण के घर से विभिन्न प्रजातियों की अवैध लकड़ियों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार कुमा गांव में अवैध लकड़ी डंप की जानकारी मिलते ही वन मंडल की टीम ने मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान कई प्रजातियों की लकड़ियां घर से बरामद की गईं। कार्रवाई की भनक लगते ही गांव में हलचल मच गई और देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। माहौल कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया था। जब ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को चारों ओर से घेर लिया। विशेष रूप से उपस्थित महिलाओं ने आरोप लगाया कि वन विभाग द्वारा पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। जिससे असंतोष की स्थिति बनी हुई है। हालांकि मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया और मामला शांत कराया। वहीं वन विभाग की टीम ने बरामद लकड़ियों को विधिवत जब्त कर अपने कब्जे में लिया। लकड़ी को धरमजयगढ़ कास्टगार लाया गया। बताया जा रहा है कि इस मामले के कथित आरोपी फरार हैं, जिसकी तलाश की जा रही है।



### राधा कृष्ण मंदिर में 26 फरवरी को होगा श्याम भजन

**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ के गायत्री मंदिर राधा कृष्ण प्रांगण में 26 फरवरी को श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। संध्या 7 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। इसमें खरसिया से आए राजेश अग्रवाल के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। भजन संध्या में श्याम बाबा के भजनों के साथ फागो उत्सव भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। वही आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस पूरे कार्यक्रम में अन्य मुख्य आकर्षणों में इत्र वर्षा, अखंड ज्योति, पुष्प वर्षा, अलौकिक श्रृंगार शामिल है। इस पूरे आयोजन को श्याम मंडली परिवार, समस्त ग्रामवासी एवं श्याम मित्र मंडल द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। जिसमें श्याम जी खाटू वालों का भी विशेष सानिध्य प्राप्त होगा।

## पीएससी प्रारंभिक परीक्षा में छग से संबंधित करीब 50 फीसदी सवाल थे काफी सरल, बाकी प्रश्नों में उलझे रहे अभ्यर्थी

# जनउला में पूछे गए.. चरका गरु चरत जाय, करिया गरु सुतत जाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार को आयोजित पीएससी प्रारंभिक परीक्षा में भावी डिप्टी कलेक्टर और तहसीलदारों को पूछे गए छत्तीसगढ़ी मुहावरे, कथन और जनउला जैसे सवाल तो काफी सरल थे, लेकिन छग से संबंधित अन्य सवाल काफी कठिन भी थे। इसमें आंकड़े और सही जोड़े को लेकर अभ्यर्थी उलझे नजर आए। जनउला में चरका गरु चरत जाय, करिया गरु सुतत जाय, जैसे सवाल पूछे गए और इसके चार विकल्प में सही उत्तर चुनने कहा गया। इसी तरह खूब परिश्रम करना के लिए सही मुहावरा चयन जैसे सवाल भी पूछे गए थे। नान-अक-लाड़ी तीन प्रकार के आवास बनाए जाते हैं जैसे कथन का उत्तर पूछा गया था। कुल मिलाकर छग से संबिंधत काफी कठिन भी थे। 50 फीसदी छग से संबंधित सवाल पूछे गए थे। इसमें कृषि, पंचायत, इतिहास, खनिज, वन, छग गीत को लेकर प्रश्न दिए थे।

कोचिंग संचालकों की मानें तो 45-50 सवाल बनाने लायक थे, लेकिन बीते साल की तुलना में इस साल काफी कठिन प्रश्न पूछे गए थे। 30-35 क्वेश्चन तो काफी कठिन थे जिसे हल करने में अभ्यर्थियों का पसीना निकल गया। हालांकि जो नियमित पढ़ाई कर रहे थे ऐसे अभ्यर्थियों को इस तरह के सवालों से ज्यादा दिक्कत नहीं होने की बात भी कही जा रही है।

**खास बात**

■ बीते साल की तुलना में इस साल काफी कठिन था क्वेश्चन

■ छग से संबंधित सवालों में आंकड़े और सही जोड़े जैसे सवालों ने भी निकाला पसीना





### इतिहास के प्रश्न में उलझे रहे परीक्षार्थी

बेगार प्रथा के खिलाफ छत्तीसगढ़ के किस रियासत में प्रथम बगावत हुई थी। इस तरह के कई सवाल इतिहास से संबंधित था। कौन सी जनजाति में आत्मा में विश्वास किया जाता है। घोटुल का सामूहिक मनोरंजन गीत है। छग में बिहई किसका एक प्रकार है। इस तरह के सवालों ने भी अभ्यर्थियों को काफी परेशान किया। हिंदी और छग के करीब 20-22 सवाल ऐसे थे जो सरल थे।

### 1661 अभ्यर्थियों ने नहीं दी परीक्षा

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए शहर में 14 सेंटर बनाए गए थे। इस बार पीएससी की परीक्षा के लिए केवल सरकारी संस्थाओं को ही सेंटर बनाया गया था। पहली बार प्राइवेट स्कूलों को इसमें शामिल नहीं की गई थी। जानकारी के मुताबिक आयोग की तरफ से एहतियातन ऐसी कवायद की गई थी। परीक्षा दो पाली में आयोजित की गई। पहले सत्र में सुबह 10 बजे से शुरू हुई परीक्षा के लिए 14 केंद्रों पर कुल 3515 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2707 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 808 अनुपस्थित रहे। इसी तरह शाम की पाली में 14 परीक्षा केंद्रों पर कुल 3515 परीक्षार्थियों में 2662 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 853 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आरएसएस के जन गोष्ठी में शामिल हुए बीजेपी जिलाध्यक्ष

**रायगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष राष्ट्र साधना के 100 वर्ष के उपलक्ष्य में नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष अरूणधर दीवान सम्मिलित हुए। इस सौभाग्य शाली अवसर बताते हुए अरूणधर दीवान ने कहा संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख आदरणीय सुनील आंबेकर का प्रेरणादायी उद्बोधन सुनने का सुअवसर मिला। उनके विचारों ने राष्ट्र निर्माण, संगठन शक्ति और समाज के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने की प्रेरणा दी। भाजपा नेता ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों की यह राष्ट्रसेवा यात्रा हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### गोपबंधु पाली के युवक की मौत पर हंगामा

**राउरकेला।** बीते शुक्रवार देर रात एक दुखद घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया और घटना स्थल से लेकर अस्पताल तक हंगामा मचा। गोपबंधुपाली तालाब के समीप 22 वर्षीय युवक रोहन यादव की एक दुर्घटना मे मौत हो गई। इस दुर्घटना मे उसके साथ लकी राय का पैर टूट गया। मृतक रोहन गोपबंधु पाली पुलिस चौकी के पीछे बस्ती मे रहता है, बताते हैं की वह स्कूटी से लकी के साथ रेलवे कलोनी जा रहा था, तालाब के पास किसी गाड़ी ने ठोकर मार दीए जिससे उसे गंभीर अवस्था में तत्काल जेपी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि लकी का इलाज चल रहा है। घटना की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों और परिजनों की भीड़ जेपी हॉस्पिटल में जुट गई। और दोषियों की कार्यवाई की मांग पर हंगामा मचाया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल थाए वहीं क्षेत्र में आक्रोश का माहौल भी देखने को मिला।

### दस्तावेजों में गलत जानकारी से बढ़ी परेशानी

**राउरकेला।** शहर में पहचान पत्रों और अन्य आधिकारिक दस्तावेजों में गलत जानकारी दर्ज होने के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नामए जन्मतिथिए पता और अन्य व्यक्तिगत विवरणों में त्रुटियां होने से बैंकिंग सेवाओंए सरकारी योजनाओं और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। कई मामलों में लोगों को अपने ही दस्तावेजों की सत्यता साबित करने के लिए बार.बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। विशेष रूप से आधार कार्ड, राशन कार्ड और बैंक दस्तावेजों में दर्ज गलतियों के कारण लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है। सुधार की प्रक्रिया भी आसान नहीं है।

### श्रमिकों को पीएफ ईएसआई व सुरक्षा देने की मांग

**राउरकेला।** राउरकेला में निर्माणाधीन जल परियोजना को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। परियोजना स्थल पर कार्यरत श्रमिकों को आवश्यक सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं नहीं मिलने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय स्तर पर मांग उठी है कि संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारी श्रमिकों को ईएसआई कर्मचारी राज्य बीमाद्ध और पीएफ भविष्य निधि जैसी अनिवार्य सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराएं। जानकारी के अनुसार जल आपूर्ति सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से शुरू की गई इस परियोजना की प्रगति अपेक्षित स्तर पर नहीं है। श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें नियमानुसार सुरक्षा उपकरण और अन्य मूलभूत सुविधाएं भी पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं जिससे उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है।

### दीपशिखा का एनएफआर गुवाहाटी रेलवे में चयन

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिले की प्रतिभाशाली बास्केटबॉल खिलाड़ी दीपशिखा एक्का ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर एनएफआर गुवाहाटी असम में नौकरी प्राप्त कर जिले एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि दीपशिखा एक्का सखोली दरिमा की निवासी हैं। बचपन से ही खेल प्रति लगन था। वर्ष 2015 में जब वे कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 7वीं की छात्रा थीं तब सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित टैलेंट सर्च प्रोग्राम के तहत प्रतिभा को पहचानते हुए बास्केटबॉल खेल के लिए चयन किया।

## राम सदन में सत्यनारायण व्रत कथा श्रवण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# बगिया में धूमधाम से मनाया गया मुख्यमंत्री का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिवस उनके गृहग्राम बगिया में धूमधाम, उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री साय ने बगिया में अपने घर पहुंचते ही सबसे पहले अपनी माता जसमनी देवी का चरण छूकर आशीर्वाद लिया। उनके जन्मदिवस पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की बधाई दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी के स्नेह, शुभकामनाओं और आत्मीय स्वागत के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया तथा कहा कि जनस्नेह ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने अपने जन्मदिवस को विशेष और यादगार बनाने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस विशेष अवसर पर बगिया स्थित राम सदन में सत्यनारायण व्रत कथा के श्रवण कार्यक्रम आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री साय, उनकी माताजी जसमनी देवी, धर्मपत्नी कौशल्या साय तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ व्रत कथा का श्रवण किया तथा ईश्वर से प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।



### बधाई देने लोगों का लगा रहा तांता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन से पूर्व ही उनके गृहग्राम बगिया स्थित गृहनिवास में उनसे मिलने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों में मुख्यमंत्री से भेंट करने और उन्हें शुभकामनाएं देने को लेकर विशेष उत्साह और उत्सुकता देखने को मिली। इस अवसर पर विधायक गोमती साय एवं रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार राय सहित जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण, पंचायत प्रतिनिधि, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, प्रशिक्षु आईएफएस सु यशस्वी मौर्य तथा अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### बगिया में एक आरोग्य अमृत अवलेह का किया शुभारंभ



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 21 फरवरी को आरोग्य अमृत अवलेह का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह उत्पाद आयुर्वेद की समृद्ध परंपरा एवं आधुनिक आवश्यकताओं के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। आरोग्य अमृत अवलेह एक विशेष रूप से निर्मित आयुर्वेदिक फॉर्मुलेशन है, जो पारंपरिक बैलूंदचर्तो की श्रेष्ठता से प्रेरित है। इसे इस प्रकार तैयार किया गया है कि यह शरीर की प्राकृतिक रोग-प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने में सहायक हो। साथ ही यह स्मरण शक्ति, एकाग्रता एवं मानसिक स्फूर्ति को बढ़ाने में भी उपयोगी है। वर्तमान समय की भागदौड़ एवं तनावपूर्ण जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए यह उत्पाद सभी आयु वर्ग के लिए लाभकारी एवं उपयोगी सिद्ध हो सकता है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य शासन आयुर्वेद, वनौषधि एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक एवं सुरक्षित स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, ताकि आमजन स्वस्थ एवं सशक्त जीवन व्यतीत कर सकें।

### पारंपरिक परिधान में आए पहाड़ी कोरवा समाज

बगीचा से आए विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय पहाड़ी कोरवा समाज के प्रतिनिधियों ने विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पहाड़ी कोरवा समाज के सदस्य अपने पारम्परिक वेशभूषा एवं तीर-धनुष के साथ उपस्थित हुए, जिससे उनकी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की झलक दिखाई दी। मुख्यमंत्री साय ने उनसे आत्मीय संवाद करते हुए उनके क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। इस पर पहाड़ी कोरवा समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में उनके क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य संचालित हो रहे हैं तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से उनके गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस योजना से उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है और उनके क्षेत्रों की तस्वीर बदल रही है। मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है।



### प्रदान की क्रिकेट किट



क्रिकेट की दुनिया में जिले का नाम रोशन करने वाली शासकीय प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, इचकेला की प्रतिभाशाली छात्राओं को विष्णुदेव साय ने प्रोत्साहित करते हुए 15 क्रिकेट किट एवं गेंद प्रदान किए। छात्रावास की इन छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप इसी लगन, अनुशासन और मेहनत के साथ निरंतर आगे बढ़ती रहें तथा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य और देश का नाम रोशन करें।

## शहर के लाइसेंसी वाइन शॉप में नकली शराब, दुकान सील, तीन पकड़े गए



**राउरकेला।** अगर आप वाइन शॉप से शराब खरीदकर पीते हैंए तो सावधान हो जाइए। शहर के बिश्रा रोड के पास स्थित एक सरकारी लाइसेंस प्राप्त शराब दुकान से आबकारी विभाग ने भारी मात्रा में नकली व मिलावटी विदेशी शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि दुकान के पीछे स्थित एक कमरे में नकली विदेशी शराब तैयार की जा रही है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जहां तीन व्यक्ति बोतलों में शराब भरकर उन पर डुप्लीकेट विदेशी ब्रांड के लेबल लगा रहे थे। मौके से बड़ी मात्रा में नकली शराब जब्त की गई। होली से पहले शहर में इतनी बड़ी मात्रा में नकली विदेशी शराब का पकड़ा जाना जहां आबकारी विभाग की बड़ी सफलता मानी जा रही है, वहीं इस अवैध कारोबार ने विभाग की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहा है जहां कुछ लोगों के द्वारा विभागीय चाभी हाँथ में रखी जाने की बात हो रही है। रोजाना ट्रकों में करोड़ों के मूल्य के शराब राउरकेला से विभिन्न जिलों में आपूर्ति करने वाले विभागीय मंद इच्छा के कारण फल फूल रहे हैं। जानकारों ने स्थानीय कर्मचारियों व अधिकारीयों के कॉल विवरण व्हाट्सअप जाँच की मांग की स जांच में यह भी सामने आया है कि नकली शराब का नेटवर्क बनाई और संबलपुर तक फैला हुआ है।

## ट्रेलर बोलेरो की आमने.-सामने टक्कर, 5 पुलिस कर्मियों की दर्दनाक मौत, 3 गंभीर



**राउरकेला।** झारसुगुड़ा में शुक्रवार तड़के एक भीषण सड़क दुर्घटना में पांच पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा झारसुगुड़ा सदर थाना के सामने उस समय हुआ, जब एक तेज रफ्तार ट्रेलर और पुलिस की बोलेरो वाहन के बीच आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तड़के गश्त पर निकली पुलिस बोलेरो की विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों और पुलिस टीम ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करते हुए घायलों को जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। मृतक पुलिसकर्मियों के नाम काशीराम भोई, निरंजन कुजूर ड्रिल सब इंस्पेक्टर देवदत्त सा लिंगराज धुरुआ हवलदार, भक्तबंधु मिर्धा होम गार्ड, घायल दुबराज मिरिग, आकाश नाइक, राजीव वायगर सार्जेंट हादसे की खबर फैलते ही पुलिस विभाग और पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। ट्रेलर चालक को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## औघड़ की मड़ई जिगना में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में मिला 240 मरीजों को लाभ



**रायगढ़।** अघोरेश्वर भगवान राम प्राथमिक उपचार केंद्र के अन्तर्गत अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केन्द्र औघड़ की मड़ई जिगना में शुक्रवार को आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में 240 मरीजों का नेत्र जाँच का लाभ मिला। मरीजों की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप शर्मा द्वारा की गई। अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा से संबंधित सभी शाखाओं में पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम के मार्गदर्शन में जीवन की मूलभूत आवश्यकता शिक्षा चिकित्सा का समुचित प्रबंधन किया जाता है जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत ग्रामीण जनता को मिलता है। इस शिविर में 170 मरीजों को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। 74 मरीजों को नेत्र संबंधित ड्राप दिया गया। जांच के दौरान 17 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले जिन्हें चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया गया। 76 मरीजों के चश्मा का नंबर प्रधान कार्यालय अघोर गुरू पीठ ब्रह्मनिष्ठालय बनोरा बनने के लिए भेज दिया गया जिनका वितरण अगले नेत्र शिविर में किया जाएगा। अघोरेश्वर भगवान राम प्राथमिक उपचार केंद्र औघड़ की मड़ई जिगना में शुक्रवार को आयोजित चिकित्सा शिविर में 192 मरीजों जांच डॉक्टर आरके मौर्य द्वारा की गई।

# सामुदायिक भवन एवं खेल मैदान जीर्णोद्धार कार्य का कौशल्या साय ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने फरसाबहार क्षेत्र के विकास को नई दिशा देते हुए कई महत्वपूर्ण सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।फरसाबहार तहसील क्षेत्र के मुंडाडीह में 25 लाख रुपये, ग्राम पंचायत पगुराबहार में खेल मैदान के जीर्णोद्धार के लिए 20 लाख रुपये के कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही ग्राम मंसगामारा में 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित कीर्तन मंडप का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

- विधायक निधि से 12 पानी टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। साय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के घोषणा से स्वीकृत फरसाबहार के तामामुण्डा में कुम्हार समाज हेतु 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन तथा बरहाटोली पण्डरीपानी में 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का विधिवत भूमि पूजन किया। इन सामुदायिक भवनों के निर्माण से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय समाज को बैठकों, आयोजनों एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए एक सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित स्थान उपलब्ध हो सकेगा।



### समयसीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कार्य पर जोर

उन्होंने निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर जोर देते हुए सभी से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव भरत साय, जिला पंचायत सदस्य वेद प्रकाश भगत एवं दुलारी सिंह, भजन साय, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर साय, पूर्व मंडल अध्यक्ष तपकरा कपिलेश्वर सिंह, महामंत्री घनश्याम यादव, गजानंद चक्रेश, प्रियांश भगत, सुशीला चौहान, योगेश मिश्रा, प्रमिला पैंकरा, रेणुका पैंकरा, मंगरू साय, कुम्हार समाज के प्रमुख खिरोधर राम, कुम्हार समाज अध्यक्ष रामधन बेहरा उपाध्यक्ष कुम्हार समाज सुदर्शन मानिक उपाध्यक्ष कुम्हार समाज के लोग तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### टैंकरों को हरि झंडी दिखाकर किया रवाना

इस अवसर पर उन्होंने फरसाबहार तहसील क्षेत्र में आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक निधि से स्वीकृत 12 पानी के टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये टैंकर 12 पंचायतों में जाकर पानी उपलब्ध कराएंगे, जिससे आम नागरिकों को भीषण गर्मी में पानी की समस्या से राहत मिलेगी।

### सिविल में दवा कंपनी मैनेजर की बेरहमी से हत्या



**राउरकेला।** शहर के रिहायशी इलाके सिविल टाउनशिप क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित दवा कंपनी के मैनेजर भागीरथी साहू की बेरहमी से हत्या उसके कमरे मे ही रूम मेट ने कर दी। शोर शराबे की खबर पाकर पुलिस मौक़े पर पहुंची और मामले की पड़ताल शुरू कर दी।दो युवकों को हिरासत मे लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। हत्या की लोम हर्षक घटना शुक्रवार की देर रात सिविल टाउन के एल आई सी ऑफिस लाइन निकट क्वार्टर नंबर ट्रिपल क्यू 14 के छत पर बने कमरे मे हुई। पारदीप के मूल निवाड़ी 42 वर्षीय भागीरथी साहू भुवनेश्वर मे एक दवा कम्पनी मे मैनेजर है। 15 दिन पहले कम्पनी के काम से राउरकेला आये और अपने परिचित दो मेडिकल रिप्रेजेंटेटिवों के साथ ट्रिपल क्यू 14 मे ठहरे थे। शुक्रवार की रात भागीरथी दोंनो एम आर के साथ थे, इस बीच दोनों ने भागीरथी पर धारदार हथियार से हमला कर मौत के घाट उसे उतार दी।रात के समय ही पुलिस को इस घटना की सूचना मिल गई और शव को कब्जे मे लेकर हत्या मे कतिथ संलिप्त युवकों को पुलिस ने अपनी निगरानी मे ले लिया।

## कुनकुरी कॉलेज में खेलकूद एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय बाला साहेब देशपांडे महाविद्यालय कुनकुरी में खेलकूद सह वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं राज्यगीत के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुशीला साय पैंकरा (अध्यक्ष जनपद पंचायत कुनकुरी), विशिष्ट अतिथि के रूप में बालेश्वर यादव (उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत कुनकुरी) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कुवांरी भगत (सरपंच, ग्राम पंचायत बेमताटोली) और आलोक लकड़ा (उपसरपंच, ग्राम पंचायत बेमताटोली) उपस्थित रहे।

अतिथियों के आगमन पर विद्यार्थियों के द्वारा लोक नृत्य कर स्वागत किया गया।

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को दी गई ट्राफियां

महाविद्यालय के प्राचार्य विनायक साय ने होनहार विद्यार्थियों व शैक्षणिक और खेल प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को पदक, ट्रॉफियां और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अंत में प्राचार्य ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम सभी प्रतिभागियों को बधाई दी एवं सभी विद्यार्थी की खेल भावना एवं अनुशासन और टीमवर्क की सराहना की।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर जे. एच. टोप्पो एवं प्रोफेसर आलोक टोप्पो ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ ओ. पी. बघेल, डॉ आर. पी.एस. धुर्वे तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ और बहुतायत संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।




# रजनीकांत-कमल हासन की फिल्म 'आरके एक्स केएच' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** साउथ के 2 दिग्गज रजनीकांत और कमल हासन एक साथ आने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने आखिरकार उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरके एक्स केएच' का पोस्टर जारी कर दिया है। इसी के साथ प्रोमो रिलीज पर अपडेट दे दिया है। पिंकविला की रिपोर्ट में बताया गया था कि प्रोमो के लिए दोनों ने रेट्रो लुक में शूटिंग की है, जिसका सबूत पोस्टर में देखने को मिला है। इसे 'कूल रेट्रो स्वैग' नाम दिया गया है, जिसे देखने के लिए लोग उतावले हैं। 'आरके एक्स केएच' के पहले पोस्टर में 2 व्यक्तियों के हाथ दिखाए गए हैं। एक ने सोने की चमचमाती हुई घड़ी पहन रखी है, जबकि दूसरे के हाथ में सोने की अंगूठी नजर आ रही है।

## लाइफ Style



# भूमि
## काश मैं सिस्टम का हिस्सा होती

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में अपनी फिल्म 'द लेडी किलर' की भारी असफलता और उससे जुड़े विवादों पर पहली बार खुलकर बात की है। अर्जुन कपूर संग बनी इस फिल्म को भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक माना जाता है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

भूमि ने एक इंटरव्यू में बतायो कि फिल्म का जो वर्जन दर्शकों ने देखा, वो अधूरा था। भूमि बोलीं कि इस फिल्म की असफलता ने उन्हें बुरी तरह तोड़ दिया था। मीडिया से बातचीत के दौरान भूमि ने अपनी फिल्म 'द लेडी किलर' की विफलता को याद किया, जो हाल के वर्षों में बॉलीवुड की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक बनकर उभरी। उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा कभी शूट ही नहीं किया गया था। हमने जो स्क्रिप्ट पढ़ी थी, वो पूरी थी, लेकिन सेट पर फिल्म को अधूरा छोड़ दिया गया और जो कुछ रिलीज हुआ, वो एक अधूरी फिल्म थी।

***भूमि ने बताया क्यों फ्लॉप हुई फिल्म :*** भूमि बोलीं कि जो फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची, वह उस वर्जन से कोसों दूर थी, जिसे कलाकारों ने शुरुआत में साइन किया था। उन्होंने बताया, काश मुझे बेहतर पता होता, शायद अगर मैं सिस्टम का हिस्सा होती तो चीज़ों को अलग तरह से संभाल सकती थी। मैं सदमे में थी। मैं बस यही सोचती रह गई कि आखिर हो क्या रहा है, क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। आखिरकार, मैंने खुद को समझाया कि यह एक सीख थी।

## हॉलीवुड मसाला



# हाउस ऑफ द... का टीजर जारी

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ की सबसे चर्चित वेब सीरीज 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। निर्माताओं ने आखिरकार इसके तीसरे सीजन को लेकर बड़ी खुशखबरी साझा कर दी है। पोस्टर के बाद, उन्होंने आधिकारिक टीजर जारी किया है, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। रैनीरा टार्गेरियन के प्रभावशाली किरदार में, अभिनेत्री एम्मा डी'आर्सी ने दमदार वापसी की है। इसके अलावा, आयरन थ्रोन के लिए चल रहे युद्ध की पहली झलक दिखाई गई है।



# साउथ एशियन सेलिब्रेशन में चमकी 'बूंग' और 'द परफेक्ट नेबर'

लंदन स्थित ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (**BAFTA**) मुख्यालय में आयोजित 'सेलिब्रेटिंग साउथ एशियंस' कार्यक्रम में डेब्यू डायरेक्टर लक्ष्मीप्रिया देवी की फिल्म 'बूंग' और भारतीय-अमेरिकी डायरेक्टर गीता गांधबीर की डॉक्यूमेंट्री 'द परफेक्ट नेबर' ने खूब तालियां बटोरी। मणिपुरी कॉमेडी-ड्रामा 'बूंग' को फरहान अख्तर के बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट के समर्थन में बनाया गया है। ये मूवी बाफ्टा अवॉर्ड्स के बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेट हुई है। फिल्म की टीम की ओर से असिस्टेंट डायरेक्टर राहुल शारदा ने कहा, 'भारत की क्षेत्रीय फिल्मों को ग्लोबल मंच पर पहचान मिलना बहुत गर्व की बात है। भारत सिर्फ नाच-गाने वाली बॉलीवुड फिल्मों तक सीमित नहीं है, हमारी सांस्कृतिक विविधता बहुत बड़ी है।'



# 'लोका चैप्टर-2' को लेकर झूम उठेंगे फैंस

**मुंबई।** साउथ अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन की चर्चित फिल्म 'लोका चैप्टर 1- चंद्रा' की अपार सफलता के बाद फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि फिल्म के क्लाइमैक्स में दुलकर सलमान के कैमियो ने एक बड़ा सस्पेंस छोड़ा था जिसके बारे में जानने के लिए लोग उतावले हो रखे हैं। सलमान के प्रोडक्शन हाउस, वेफरर फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के सीक्वल पर अब खुद कल्याणी ने बड़ा अपडेट साझा किया है। मनी कंट्रोल के मुताबिक, कल्याणी ने 'लोका चैप्टर 2' पर एक अहम अपडेट साझा करते हुए पुष्टि की है कि उनका किरदार सीक्वल में वापसी करेगा। नक्षत्र, 2026 कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, 'लोका चैप्टर 2' की कहानी शुरू हो चुकी है। हम सितंबर, 2026 तक शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं।



# शिल्पा-जैकी 26 साल बाद फिर एक साथ

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और जैकी श्रॉफ की जोड़ी पूरे 26 साल बाद पर्दे पर वापसी कर रही है। ये दोनों कलाकार अमेजन प्राइम वीडियो की एक नई वेब सीरीज के लिए साथ आए हैं। आखिरी बार इन्हें 26 साल पहले पर्दे पर साथ देखा गया था, इसलिए दशकों बाद इनके नए प्रोजेक्ट ने दर्शकों को काफी उत्साहित कर दिया है। शिल्पा और जैकी के साथ-साथ उनके प्रशंसक भी इस सीरीज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शिल्पा और जैकी की जोड़ी पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। दोनों अमेजन प्राइम वीडियो की एक वेब सीरीज के लिए बातचीत कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि ये 8 कड़ियों की एक 'स्लाइस-ऑफ-लाइफ' ड्रामा सीरीज होगी, जो शहरी रिश्तों और जीवन में मिलने वाले दूसरे मौकों की कहानी बयां करेगी।

## टीवी मसाला



# द 50 शो से बाहर आते ही शिव ठाकरे के बिगड़े बोल, कहा- वहां हम जानवरों से...

**मुंबई।** रियलिटी शो द 50 शो इन दिनों जमकर सुर्खियां बटोर रहा है. कई रिपोर्ट्स की मानें, तो अगले महीने इस शो का ग्रैंड फिनाले होगा। वहीं, शो के विनर का भी नाम सामने आ चुका है। कहा जा रहा है कि शिव ठाकरे इस बार ट्रॉफी अपने नाम करेंगे। वहीं, इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शिव और प्रिंस नरूला साथ नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में महल से बाहर आने के बाद यह दोनों अपना शो में एक्सपीरियंस शेयर कर रहे हैं. चलिए जानते हैं आखिर इन कंटेस्टेंट्स से शो को लेकर क्या-क्या कहा।

***क्या सच में शो से बाहर आ गए हैं शिव-प्रिंस? :*** सोशल मीडिया पर वायरल क्लिप में शिव कहते हैं कि शो के दौरान वह "कुछ जानवरों" से मिले। हालांकि उनका अंदाज पूरी तरह मजाकिया दिख रहा था, लेकिन इस एक लाइन ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी। प्रिंस नरूला भी बातचीत में शामिल होते हुए कहते हैं कि शो से बाहर आने के बाद उन्हें लग रहा है कि अंदर का समय काफी अच्छा था। दोनों ने यह भी माना कि उन्होंने गेम से ज्यादा मस्ती की और शो को एंजॉय किया।

***प्रिंस नरूला ने शो के बारे में क्या-क्या बताया? :*** जब पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या शो में झगड़े ज्यादा होते थे, तो शिव ने साफ कहा कि उन्हें लड़ाई-झगड़ा पसंद नहीं है। उनका कहना था कि जहां भी विवाद होता था, वे उस जगह से हट जाना बेहतर समझते थे। उन्होंने बताया कि शो के दौरान वे और प्रिंस अक्सर तनाव से दूर रहकर फन मोमेंट्स पर ज्यादा ध्यान देते थे।

# सलमान, आमिर के बाद अर्नब गोस्वामी बन सुनील ग्रोवर ने लूट ली महफिल

**मुंबई।** हाल ही में टीवी के सबसे चर्चित कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में में फिल्म 'ओ'रोमियो' की स्टार कास्ट पहुंची। इस खास एपिसोड में



फिल्म मेकर विशाल भारद्वाज भी मौजूद थे लेकिन हर बार की तरह इस बार भी असली महफिल सुनील ग्रोवर ने लूट ली। उनकी एंट्री और अंदाज ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। कभी सलमान खान का दबंग स्टाइल, कभी आमिर की परफेक्शन वाली झलक, हर बार नए अवतार में नजर आने वाले सुनील ग्रोवर ने इस बार मशहूर न्यूज एंकर अर्नब गोस्वामी की पैरोडी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। सुनील ने अपने सेगमेंट का नाम 'मुद्दा गर्म' रखा, जहां उन्होंने अपनी कॉमेडी से सभी को हंसने पर मजबूर किया। इस दौरान सुनील कहते हैं कि ' हमारी डिबेट में सबसे जरूरी है बोलना, लेकिन क्या बोलना है, ये मायने नहीं रखता।"

# तापसी पन्नू को मृणाल ठाकुर ने दी पटखनी 'अस्सी' से आगे निकली 'दो दीवाने शहर में'

*मुंबई। बॉलीवुड के लिए ये शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक साबित नहीं हुआ। तापसी पन्नू की 'अस्सी', जिसे समीक्षकों से तो सराहना मिली, लेकिन दर्शकों को खींचने में ये फिल्म पहले दिन पूरी तरह विफल रही, वहीं युवाओं के बीच चर्चा बटोर रही मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की 'दो दीवाने शहर में' ने भी बॉक्स ऑफिस पर बेहद ठंडी शुरुआत की है। हालांकि, 'दो दीवाने शहर में' की पहले दिन की कमाई ने 'अस्सी' को पछाड़ दिया है।*

### 1 करोड़ का आंकड़ा भी पार ना कर पाई 'अस्सी'

रिपोर्ट के मुताबिक, 'अस्सी' ने अपने पहले दिन देशभर में मात्र 1 करोड़ रुपये कमाए। ये आंकड़ा इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इस साल आई यामी गौतम की महिला केंद्रित की छोटे बजट की फिल्म 'हक' भी कमाई के मामले में इससे आगे रही। इसने भी 1.75 करोड़ रुपये बटोरे थे। 'मुल्क' और 'थप्पड़' जैसी सफल फिल्मों के बाद निर्देशक अनुभव सिन्हा और तापसी इस बार 'अस्सी' लेकर आए, जिसे तारीफ तो खूब मिली, लेकिन दर्शक नसीब नहीं हुए।



***दर्शकों की तारीफ पर टिका फिल्म का भविष्य :*** *फिल्म समीक्षकों और ट्रेड पंडितों का स्पष्ट मानना है कि 'अस्सी' जैसी गंभीर और विषय-प्रधान फिल्मों का भविष्य पूरी तरह से 'वर्ड ऑफ माउथ' यानी दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है। पहले दिन की सुस्त शुरुआत के बाद फिल्म के पास संभलने के लिए अब केवल वीकेंड का ही सहारा है।*

### 'दो दीवाने शहर में' की सधी हुई शुरुआत

उधर 'दो दीवाने शहर में' ने पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये कमाए। हालांकि, ये आंकड़ा बड़ा नहीं है, लेकिन तापसी की फिल्म 'अस्सी' (1 करोड़) के मुकाबले ये फिल्म 25 लाख की बढ़त बनाने में कामयाब रही। फिल्म को युवाओं और मल्टीप्लेक्स दर्शकों का साथ मिला है। रवि उदयावर के निर्देशन वाली ये फिल्म मुंबई के 2 युवाओं की कहानी है, जो अपनी कमियों और अकेलेपन के बीच प्यार तलाशते हैं। शहरी युवाओं को इसकी कहानी खूब भा रही है।

# 'टॉक्सिक' में गैंगस्टर बनकर लौटे यश दुश्मनों पर पड़े भारी

**मुंबई।** 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल 'टॉक्सिक : ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' का धमाकेदार टीजर जारी हो गया है। केजीएफ 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद, यश की इस फिल्म से फैंस को बेशुमार उम्मीदें हैं और अब इसके टीजर ने उन उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। केवीएन प्रोडक्शन द्वारा निर्मित और गीतु मोहनदार द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' में अभिनेता का दलेर अवतार दिखाई दिया है, जो लोगों के होश उड़ाने के लिए काफी है।




### यश का एक्शन सीक्वेंस देख हिल जाएगा दिमाग

'टॉक्सिक' का टीजर 1 मिनट 55 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत यश से होती है। बैकग्राउंड में आवाज आती है, 'इस बार जंग अलग है। उनकी मक्कारी भी अलग है। सबसे टकराना भारी पड़ेगा। यश अपने दुश्मनों पर भारी पड़ते दिखते हैं। इसमें एक्शन, मारधाड़ और खून-खराबा उच्च स्तर पर दिखाई देता है। कुछ दृश्य रूह कंपाने जैसे हैं। 19 मार्च को रिलीज हो रही फिल्म में कियारा आडवाणी, नयनतारा, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी जैसे सितारे हैं।

## समुद्री डाकू के रूप में दमदार अवतार देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित

# प्रियंका की 'द ब्लफ' से पहले समुद्री डाकुओं पर बनीं हैं ये फिल्में

*मुंबई। प्रियंका चोपड़ा अपनी चर्चित फिल्म 'द ब्लफ' के जरिए फिर पूरी दुनिया का दिल जीतने आ रही हैं। 25 फरवरी, 2026 को यह अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म में अभिनेत्री का समुद्री डाकू के रूप में दमदार अवतार देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। इसी विषय से संबंधित कुछ शीर्ष रेटिंग वाली फिल्में पिछले सालों में रिलीज हुई हैं, जिनका लुत्फ उठाकर समुद्री डाकुओं की रोमांचक दुनिया का दीदार किया जा सकता है।*

### 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' फ्रैंचाइजी

समुद्री डाकुओं पर बनी 8.1 रेटिंग वाली सबसे चर्चित फिल्म 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' का जिक्र होना लाजिमी है। निर्देशक गॉर वरबिन्स्की ने इसकी पहली 3 किस्तों 'द कर्स ऑफ द ब्लैक पर्ल', 'डेड मैन्स चेस्ट' और 'एट वर्ल्ड्स एंड' को बनाया था। इसकी 2 अन्य किस्तें 'ऑन स्ट्रेंजर टाइड्स' और 'डेड मेन टेल नो टेल्स' भी हैं। फिल्म की कहानी जैक स्पैरो (जॉनी डेप) नाम के समुद्री डाकू, श्रापित खजाने और जहाजों के रोमांचक सफर के इर्द-गिर्द घूमती है।

### 'कैप्टन फिलिप्स' और 'द पाइरेट्स! बैंड ऑफ मिसफिट्स'

ऑस्कर विजेता टॉम हैंक्स की फिल्म 'कैप्टन फिलिप्स' 2013 में रिलीज हुई जिसे 7.8 की रेटिंग मिली है। इसकी कहानी 2009 में सोमाली समुद्री लुटेरों द्वारा अमेरिकी जहाज 'मर्स्क अलबामा' के अपहरण करने की सच्ची घटना पर आधारित है। इसे 6 ऑस्कर नामांकन मिले थे। 'द पाइरेट्स! बैंड ऑफ मिसफिट्स' एक बेहतरीन कॉमेडी एनिमेटेड फिल्म है जिसकी रेटिंग 6.7 है। कहानी एक जहाज कैप्टन पर बुनी गई है जो पायरेट ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतना चाहता है।



### 'द पाइरेट्स ऑफ सोमालिया' और 'द प्रिंसेस ब्राइड'

ब्रायन बकले द्वारा निर्देशित 'द पाइरेट्स ऑफ सोमालिया' एक कनाडाई पत्रकार जय बहादुर की किताब पर आधारित है। कहानी समुद्र डाकुओं की रोजमर्रा की जिंदगी को दिखाती है। इसे आईएमडीबी पर 6.7 की रेटिंग मिली है। 'द प्रिंसेस ब्राइड' 1987 में रिलीज एक कल्ट क्लासिक फिल्म है जिसे 8 की रेटिंग मिली है। रॉब रेनर द्वारा निर्देशित इसकी कहानी एक प्रेमी वेस्टली के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपनी प्रेमिका बटरकप को बचाने के लिए समुद्री डाकू का रूप लेता है।

**खबर संक्षेप**

## बरमकेला की रीमा बनी कोच, जीता गोल्ड मेडल



**रायगढ़।** लुधियाना के जसोवाल स्थित हार्वेस्ट टेनिस एकेडमी में 3 से 8 फरवरी तक जूनियर एशियन सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इस स्पर्धा में 23 देशों से 600 खिलाड़ी और 100 स्टाफ शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस महासंघ एशियाई सॉफ्ट टेनिस महासंघ युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार अध्यक्ष महेश कासवाला प्रधान सचिव शकुंतला जे खोड़ाधारा छग मेच्योर सॉफ्ट टेनिस संघ द्वारा राज्य के अधिकारी का चयन पंजाब में द्वितीय एशियाई जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बरमकेला के रीमा राय का भारत की ओर से कोच नियुक्त किया गया था। रीमा का चयन और भारत के पक्ष में गोल्ड मेडल जिताने में कड़ी मेहनत कर भारत के 16 खिलाड़ियों के टीम लेकर साफ्ट टेनिस खेल में भाग लेकर भारत के नाम गोल्ड मेडल हासिल किया।

### पुरुंगा में 28.51 लाख का उप स्वास्थ्य केंद्र छाल में बना है 50 लाख का सामुदायिक भवन

# पुरुंगा-छाल के लोगों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सुदूर वनांचल के पुरुंगा को स्वास्थ्य और वनांचल के सबसे बड़े ग्राम छाल को सर्व सुविधायुक्त बुनियादी सुविधाओं की बड़ी सौगात मिली है। ग्राम पुरुंगा में 28 लाख 51 हजार रुपए की लागत से नया उपस्वास्थ्य केंद्र भवन बनकर तैयार हो गया है, वहीं छाल में 50 लाख की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण पूरा हो चुका है।

ग्राम पुरुंगा में नवनिर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इसी माह से स्वास्थ्य केंद्र का सुव्यवस्थित संचालन शुरू करने का निर्देश दिस्स है। उन्होंने उपस्वास्थ्य केंद्र के निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर सहजता से उपलब्ध हो सकें।



वहीं ग्राम छाल में निर्मित सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने इसे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामूहिक कार्यक्रमों के लिए शीघ्र जन एवं सामाजिक उपयोग में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह भवन क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बहुउद्देशीय गतिविधियों का केंद्र बनेगा। उल्लेखनीय है कि यह सामुदायिक भवन मुख्यमंत्री घोषणा की पूर्ति योजना के तहत 50 लाख रूपए की लागत से निर्मित किया गया है। जनपद पंचायत धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत छाल द्वारा इस कार्य को 30 दिसंबर 2025 को पूर्ण किया गया। कलेक्टर ने भवन परिसर के समग्र विकास पर भी जोर देते हुए पंचायत की आय बढ़ाने के उद्देश्य से व्यवसायिक परिसर निर्माण के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही व्यवसायिक परिसर के सामने स्थित खाली मैदान के समतलीकरण एवं सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव तैयार करने को कहा ताकि भविष्य में यह परिसर क्षेत्र के लिए एक सुव्यवस्थित गतिविधि केंद्र के रूप में विकसित हो सके।

### पुरुंगा, खड़गांव को मिलेगा नवीन आदिवासी कन्या छात्रावास

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने वनांचल ग्राम पुरुंगा एवं खड़गांव का दौरा कर आदिमजाति विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास भवनों की जर्जर स्थिति का निरीक्षण किया तथा इनके स्थान पर नवीन भवन निर्माण के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। एक आंकलन के अनुसार डीएमएफ जिला खनिज न्यास निधिद्ध मद से प्रत्येक छात्रावास भवन के निर्माण के लिए लगभग 1 करोड़ 60 लाख रुपए की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावासों में अध्ययन के साथ साथ खेलकूद गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बच्चों की रुचि के अनुरूप खेल सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही छात्राओं के मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए लाइब्रेरी सुविधा विकसित करने, पाठ्यक्रम आधारित पुस्तकों के साथ समसामयिक विषयों पर आधारित पत्र पत्रिकाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

# नव निर्मित राधा कृष्ण मंदिर में कुंभ भराई अनुष्ठान में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

नवनिर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर में रविवार को कुंभ भराई अनुष्ठान धूमधाम से संपन्न हुआ। जहां सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई विशेष पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद भंडारे का वितरण किया गया। जिसमें स्थानीय निवासियों सहित अंचल के श्रद्धालु शामिल हुए।



सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया से लगे ग्राम पंचधार में रविवार को यहां नवनिर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर की कुंभ भराई का अनुष्ठान धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक सहित आसपास एवं दूरदराज से श्रद्धालु कुंभ भराई में शामिल होकर पुण्य के भागी बने । कृषि आधारित क्षेत्र होने के कारण यहां लोगों श्री राधा कृष्ण मंदिर में कुंभ भराई के दौरान धान, चावल रूपए, पैसे, सोने चांदी एवं पंचरत्न धातु कुंभ भराई में अर्पण कर भगवान श्री कृष्णा राधा से सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर समिति ने कुंभ भराई के दौरान अच्छी व्यवस्था किए जाने से श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई ।ग्राम वासियों द्वारा आयोजित नवनिर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। मंदिर के कुंभ भराई अनुष्ठान पूरा किया गया। जिसमें ग्रामवासियों सहित अंचलवासी ने कुंभ भराई अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य के भागी बने। इस मौके पर सरिया नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण शराप सहित जनप्रतिनिधियों ने भी धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि आधुनिक युग में धर्म से जुड़ाव होने से मानसिक शांति मिलती है और हमारा क्षेत्र ऐसे ही धार्मिक कार्यक्रमों से ओतप्रोत रहता है। उन्होंने ने इस धार्मिक अनुष्ठान के सफल होने की कामना भगवान श्री राधा कृष्ण से करते हुए आने वाले दिनों में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने की कामना की। कुंभ भराई के दौरान महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

**// शपथ पत्र //**

मै ओमप्रकाश गिरी पिता श्री स्व. चिंता गिरी उम्र लगभग-18 वर्ष, जाति गोस्वामी साकिन-रतनपुर, पोस्ट - सोनपुर, थाना व तहसील कापू जिला रायगढ़ की मूल निवासी हूँ निम्न कथन करता हूँ कि :- 1. यह कि मै शपथकर्ता उपरोक्त दर्शित नाम व पते का स्थायी निवासी हूँ ।2. यह कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड में मेरा का नाम त्रुटिवश आयुष गिरी दर्ज हो गया है।3. यह कि मेरे नाम पर जारी जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम ओमप्रकाश गिरी दर्ज है जो कि मेरा वास्तविक नाम है।4. यह कि मेरे शैक्षणिक कार्य हेतु उक्त आधार कार्ड में मेरा नाम सुधार करने की आवश्यकता हुई है।5. यह कि मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड में सुधार करने के सम्बन्ध में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूँ।

शपथकर्ता ओमप्रकाश गिरी

